सार-समाचार

अधिकारिता शिविर अयोजित

करौली, (निसं)। डांग विकास संस्थान द्वारा सक्षम परियोजना अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में चिन्हित पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़ने हेतु भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र बुगड़ार मे शिविर का आयोजन किया गया।डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा निर्धन व असहाय लोगों के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है लेकिन जानकारी के अभाव में ठामीण इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं डांग विकास संस्थान कि पहल के तहत बुधवार को ठाम पंचायत बुगड़ार के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर संस्था के द्वारा गांव में विशेष प्रविधि से निर्धन व असहाय परिवारों का चयन किया गया जिसमें संस्थान द्वारा योजनाओ मे पात्र परिवारों का विश्लेषण कर योजनाओं मे जोड़ने का कार्य किया जा रहा है शिविर मे बुगड़ार के चयनित परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया।शिविर मे पेंशन ऑनलाइन आवेदन, सिलिकोसिस पेंशन ऑनलाइन आवेदन, पालनहार, ई श्रम कार्ड, सिलिकोसिस जांच पंजीकरण,जन आधार शुद्धिकरण, श्रमिक डायरी पंजीकरण,पीएम विश्वकर्मा योजना छात्रवृत्ति के आवेदन, ई मित्र के माध्यम से 60 लोगों के निशुल्क ऑनलाइन करवाए गए। उसके बाद संस्थान द्वारा संबंधित विभागों में फॉलो किया जाएगा। शिविर में डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा,गजेंद्र किशन, विक्रम सिंह जाटव, संजय माली ने पूर्ण सहयोग किया गया।

मां वाउचर योजना में 128 कूपन किये जारी

करौली, (निसं)। गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोठाफी करवाने के लिए राज्य सरकार ने मां वाउचर योजना शुरू की है जिसमें पीएमएसएमए प्लस पर जिले में चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं को 128 कूपन सोनोठाफी के लिए जारी किए गए। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि राजस्थान बजट घोषणा के अनुसार मां वाउचर योजना की शुरुआत हुई है। जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस से सीएचसी व पीएचसी पर इस योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो गया है। योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान की एक सोनोठाफी नि:शुल्क कराई जाएगी। इसमें जिले के 18 निजी सोनोठाफी सेंटरों को जोड़ा गया है जिससे गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के एरिया में सोनोठाफी की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि योजना के प्रारंभ होने के पहले दिन हिंडौन ब्लॉक में 24,करौली ब्लॉक में 11,मंडरायल ब्लॉक में 20,मासलपुर ब्लॉक में 17,सपोटरा ब्लॉक में 42 और श्री महावीर जी ब्लॉक में 14 नि:शुल्क सोनोठाफी के कूपन जारी किए गए।

आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि जितेन्द्र उर्फ काना 7 वर्ष व कुलदीप उर्फ भोला 5 वर्ष पुत्र दिनेश प्रजापत निवासी वर्रिया पटवार मंडल चैनपुर तहसील व जिला करौली की 15 मार्च को तालाब मे डूबने से मृत्यु हो जाने पर तहसीलदार करौली की रिपोर्ट से प्रकरण प्राप्त होने पर मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक की माता गोरन्ती पत्नि दिनेश प्रजापत निवासी वर्रिया पटवार मंडल चैनपुर को भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसके अलावा नरेन्द्र पुत्र किरोडीलाल कोली निवासी रीठौली हिण्डौन कि 3 मार्च को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख रूपये कि आर्थिक सहायता मृतक कि पत्नि कश्मीरा कोली को भुगतान कि स्वीकृति प्रदान कि जाती है।

जेल भरो आंदोलन 22 को

करौली, (निसं)। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार एवं जपतप संघ के तत्वाधान में 22 सितंबर को देशभर में 42 करोड़ से अधिक ठगी पीड़ित जमाकर्ता प्रत्येक जिले में जेल भरो आंदोलन करेंगे। आगामी 22 सितंबर को जेल भरो आंदोलन का ज्ञापन संगठन के प्रदेश संयोजक बृजमोहन योगी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष छोटे लाल प्रजापत,जिला संयोजक भरत लाल सैनी के नेतृत्व में जमाकर्ता के द्वारा जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को सौंपा गया है जिसमें उल्लेख किया है कि आगामी 22 सितंबर को करौली जिला मुख्यालय पर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष छोटेलाल प्रजापत,जिला संयोजक भरत लाल सैनी ने बताया कि पूरे देश भर में 1 सितंबर से जिला कलेक्ट्रेट पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार एवं जपतप संगठन के द्वारा इनकेंबज 2019 के तहत ठगी पीड़ितों का भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन चल रहा है जिसके माध्यम से लाखों ज्ञापन केंद्र एवं राज्य सरकार को भेजे गए हैं उसके बावजूद भी केंद्र व राज्य सरकार संसद के कानून को गंभीरता से नहीं ले रही है।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से की जा रही अमर्यादित बयानबाजी को लेकर बुधवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पडा। इस मामले में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वजीरपुर एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस के दर्जनों पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा के नेतृत्व में रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए वजीरपुर उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही बयानबाजी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। साथ ही भारतीय जनता पार्टी और उनके समर्थित संगठनों के नेताओं के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने वजीरपुर उप जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन में बताया कि अगर प्रधानमंत्री द्वारा विवादित बयान देने वाले मंत्रियों एवं नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो देशभर में युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। भारतीय युवा कांग्रेस व कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बयानबाजी कर रहे नेताओं को मुंहतोड जबाव देने में सक्षम है, लेकिन बात केवल संस्कारों की है।

जिला कलेक्टर ने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की

डीग, (निस)। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिले में नियमित रूप से जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट

- **जनसुनवाई में 29 प्रकरण प्राप्त हुए, 6 प्रकरणों का मौके पर किया निस्तारण**
- **अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों का मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए**

डीग हरिमोहन मीना ने बुधवार को नगर पालिका, नगर के सभागार में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ पिछली जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की।

जनसुनवाई के दौरान एक परिवादी कुछ दस्तावेज लेकर जिला कलेक्टर डीग हरिमोहन मीना के समक्ष उपस्थित हुआ और उनसे अनुरोध किया कि मेरी पेंशन काफी समय से खाते में नहीं आई है। इस पर कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त परिवादी का कार्य आज ही करवाया जाए। इस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई। इसी तरह कई प्रकरणों में कार्यवाही कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की समस्याओं को हल करें। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का भी समाधान किया जाए। समस्या समाधान के लिए आमजन को परेशान नहीं होना पड़े। इस दौरान जल भराव, बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण, सिंचाई, स्वास्थ्य सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रकरण आये। जिला कलेक्टर ने समस्त प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परिवादियों को राहत पहुंचाने के निर्देश जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो प्रकरण प्राप्त हुए हैं, अधिकारी उनका उचित समाधान करें। आगामी बैठक में भी इन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। जनसुनवाई में 29 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमे से कुल 6 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। जहा कही भी जल भराव की समस्या है वहा पर तत्काल ही पम्प की मदद से पानी निकासी के निर्देश दिए गए हैं। जिले में लगातार हो रही मूसलाधर बारिश से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न उपखंडों में जल भराव की समस्या नजर आ रही है। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की एवं उपखंड अधिकारियों को बजट घोषणा में उल्लेखित विकास कार्यों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करने के समुचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी नगर अनुराग हरित, उपखंड अधिकारी सीकरी सृष्टि जैन, तहसीलदार नगर अंकित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी मनोज खुराना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंघल, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने नगर में जनसुनवाई की।

सार-समाचार

संस्था प्रधानों की बैठक

करौली, (निसं)। सपोटरा पंचायत समिति सभागार मे क्षेत्रीय विधायक हंसराज मीना ने बुधवार को क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के संस्था प्रधानो कि बैठक सपोटरा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिकेश मीना व सीबीईओ सर्वेश गुप्ता की मौजूदगी मे बैठक आयोजित की गई। जहां पर विधायक हंसराज मीना ने सपोटरा ब्लॉक के संस्था प्रधानों से विद्यालय भवन,नामाकंन,खेल मैदान,पोषाहार,पालनहार आदि की स्थिति को लेकर के जानकारी ली गई। बैठक के दौरान विधायक हंसराज मीना ने सपोटरा क्षेत्र के 232 विद्यालयो फीडबैक लेकर के समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करवाने के लिए निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग के इतिहास मे पहली मर्तबा विधायक संस्था प्रधानो की बैठक लेना क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। बैठक के दौरान विधायक हंसराज मीना ने सत्र 2023-24 की तुलना मे वर्तमान सत्र मे नामांकन की स्थिति को लेकर जानकारी ली गई। जहां पर उन्होने क्षेत्र के संस्था प्रधानों से विद्यालयों मे नामांकन स्थिति का तुलनात्मक जानकारी लेते हुए जहां पर नामांकन मे कमी हुई ऐसे विद्यालयो की स्थिति की जानकारी ली। साथ की उन्होने संस्था प्रधानो से नामांकन मे कमी होने के कारणों की स्थिति जानी। जिस पर क्षेत्र के हिन्दी माध्यम से अंठोजी माध्यम मे क्रमोन्नत हुए विद्यालयों को पुन हिन्दी माध्यम मे करवाने की मांग की है। साथ ही विधायक हंसराज मीना को क्षेत्र के कई संस्था प्रधानों मे विद्यालयों के जर्जर भवन की स्थिति को लेकर अवगत करवाया गया। जिस पर विधायक ने भवनो का प्रस्ताव बनबाकर भवनो की मरम्मत करवाने की बात कही। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिकेश मीना ने कहा कि सपोटरा ब्लॉक मे कुल 20 हजार 392 छात्र-छात्राएं नामांकित है। ऐसे मे ब्लॉक मे 18 प्रधानाचार्य सहित 41 व्याख्याता,78 वरिष्ठ अध्यापक, 60 लेवल 2 अध्यापक व 35 लेवल 1 अध्यापकों के पद रिक्त है। वही उन्होने बताया कि क्षेत्र में 18 विद्यालय भवन अतिक्रमण की चपेट मे है। जिन्हे अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की गई।

शिविर में 108 यूनिट रक्तदान

गंगापुर सिटी, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत बुधवार को सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 108 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों को भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण करवाई गई। रक्तदान कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर क्षितिज गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर का भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के पखवाडे के रूप में मनाया जा रहा है। पखवाडे के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कडी में यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। हॉस्पिटल निदेशक डॉ. सीपी गुप्ता ने रक्तदान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान है और रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। उल्टे रक्तदान शरीर के लिए लाभदायक है। इस दौरान सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह से बढ-चढकर भाग लिया। इस दौरान दर्जनों लोगों को भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण करवाई गई।

शिविर आयोजित

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर की अध्यक्षता में होली मदर स्कूल, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके के अधिकार, नकल न करना, पोक्सो एक्ट एवं एडीआर कार्यप्रणाली, मध्यस्थता, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, 2013, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, नि:शुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, महिला सशक्तिकरण, टैफिक नियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इसी क्रम में असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल अधिवक्ता नीरज शर्मा एवं सुरेन्द्र पाठक द्वारा विवेकानन्द पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें : वर्मा

करौली, (निसं)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के दौरान जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अधीन आने वाले कार्यालयों एवं उसके आस पास परिसर की साफ-सफाई अवश्य करवाये इस संबंध में उन्होंने नगर परिषद,पंचायती राज विभाग एवं अन्य विभागों को विशेष निर्देश दिये।

- **स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अधिकारी व कर्मचारी कार्यालयों की सफाई करवायें : संभागीय आयुक्त**

संभागीय आयुक्त बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे संभागीय आयुक्त ने 25 अक्टुबर को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के बारे में भी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को दिये, मुख्यमंत्री के द्वारा पिछले दिनों वीसी के माध्यम से दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने जनसुनवाई राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं मुख्यमंत्री कार्यालय एवं अन्यं दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करने एवं बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने पीएचईडी के अधिकारी को जिले मे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, जलजीवन मिशन के तहत अधूरे कार्यों को पूर्ण करने, सानिवि के अधिकारी को बजट घोषणाओं को समय सीमा में पूर्ण करने, चल रहें भवन निर्माण को पूर्ण करने, एसडीआरएफ के तहत प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने, उन्होंने बैठक मे विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को जिले में समुचित विद्युत आपूर्ति करवाने, बकाया कृषि एवं घरेलू कनेक्शनों का निस्तारण करवाने, सीएमएचओं को वर्षा के दौरान जिले मे मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्कता बरतने, दवाईयों की उपलब्धता रखने, जल भराव के क्षेत्रों में पानी की सेम्पलिंग करवाने इसके अलावा उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ माईनिंग, पुलिस,राजस्व व परिवहन को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पंचायत राज विभाग के अधिकारी को मनरेगा, पीएम आवास योजना, मनरेगा कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। इसके अलावा आंगनबाडी केन्द्रों पर पेयजल व्यवस्था करवाने,महिला एवं बाल विकास के अधिकारी को आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषाहार एवं सेनेटरी नैपकिन समय पर उपलब्ध करवाने, नगर परिषद आयुक्त को नियमित साफ-सफाई करवाने, अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

तापमान में गिरावट

भरतपुर, (निसं)। एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। सुबह से बरसात रूकने का नाम नहीं ले रही है। बारिश के चलते जनजीवन एक बार फिर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सुबह से पड रही बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली है। सितम्बर के महीने में ही अक्टूबर जैसी ठण्ड का एहसास बारिश ने करा दिया है। लोगों को अब कूलर व एसी भी बंद करने पड गए हैं। बारिश के चलते भरतपुर के एतिहासिक केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति हो गई है। वहीं जीवों के लिए पानी में पर्याप्त रूप से भोजन की व्यवस्था भी हुई है। लेकिन दूसरी ओर आम लोगों की रसोई का बजट भी बरसात ने बिगाड कर रख दिया है। वहीं मानसूनी सीजन से ही जलमग्न हुई कॉलोनियों से पानी निकासी के किए जा रहे प्रयासों पर भी बरसात ने पानी फेर दिया है। शहर की करीब तीन दर्जन कॉलोनियों में जल भराव की समस्या बनी हुई है।

न्यायालय अपर जिला एंव सैशन न्यायाधीश संख्या 1 गंगापुर सिटी

इन्द्रा कुमारी वगैहरा बनाम मण्डल रेल प्रबन्धक वगैहरा प्रार्थना-पत्र बावत जारी किये जाने उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र मुकदमा नम्बर 12/24 नोटिस हरखास आम

नोटिस बनाम: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इन्द्रा कुमारी पत्नि स्वर्गीय श्री चिरंजीलाल, पंकज कुमार पुत्र स्वर्गीय चिरंजीलाल व नीतू वर्मा पुत्री स्वर्गीय श्री चिरंजीलाल निवासी राजपूत कॉलोनी, महूकलां तहसील व जिला गंगापुर सिटी (राजस्थान) ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र बावत जारी किये जाने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि मृतक चिरंजीलाल जो कि पूर्व हैड टिकिट क्लर्क अधीन एसएस/जीजीसी रेल्वे विभाग में कार्यरत थे जिसकी सेवानिवृति दिनांक 31-5-1994 को हुई थी, जिनकी मृत्यु गंगापुर सिटी में दिनांक 04-11-2022 को हो चुकी है, उक्त चिरंजीलाल की पारिवारिक पेंशन का भुगतान इन्द्रा कुमारी पत्नि स्वर्गीय श्री चिरंजीलाल को करने हेतु प्रार्थीया इन्द्रा कुमारी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावे। लिहाजा जो भी हर खास व आम उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहे दिनांक 1.10.24 को 10.30 ए. एम. बजे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकता है। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 5.8.2024 को जारी किया गया।

(मुहर) आज्ञा से- रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 1 गंगापुर सिटी

विधिक सेवा प्रतियोगिताएं शुरू

करौली, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बुधवार को विशेष योग्यजन विद्यार्थियों को समाज कि मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एकट बोधग्राम द्वारा संचालित नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय में जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि अध्यक्ष माधवी दिनकर, सचिव ममता चैधरी द्वारा फीता काटकर व सरस्वती माता के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राष्ट्रगान के साथ विधिक सेवा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि अध्यक्ष माधवी दिनकर ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है खेल को खेल की भावना से खेला जाए। खेल प्रतियोगिता हमारे लक्ष्य व हमारी खेल की भावना को जागृत करने के लिए है। जो भी प्रतिभागी खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं वे अपने आप में ही एक विजेता हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अति. जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चैधरी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के विशेष योग्यजन विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने प्राधिकरण की सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सचिव ममता चैधरी ने एकट बोधग्राम द्वारा संचालित विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला शिक्षा अधिकारी देवी लाल मीना ने बुणवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छावा की बगीची का निरीक्षण किया जहां विद्यालय में व्यवस्थाएं अच्छी मिली। केवल कंप्यूटर का उपयोग छात्रों के लिए नहीं किया जा रहा था कंप्यूटरों का नियमित रूप से छात्रों के लिए उपयोग करने के निर्देश संस्था प्रधान को दिए। इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिवस्या का निरीक्षण किया जहां पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन से प्रारम्भ किए गये स्वच्छता कार्यक्रम जो 2 अक्टूबर तक विद्यालयों में चलाने के निर्देश दिए गए।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2024-25/8148 दिनांक : 03.09.2024

सार्वजनिक सूचना

शिव नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 88 क्षेत्रफल 140.09 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 7688 दिनांक 24.04.2013 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्रीमती माया देवी पत्नी श्री रनधीर सिंह जाति मीणा निवासी - शिव नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया है। श्रीमती माया देवी पत्नी श्री रनधीर सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 14.07.2020 के द्वारा श्री रामवीर सिंह पुत्र श्री बदन सिंह को विक्रय कर दिया। विक्रय होने के पश्चात् उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन नगर निगम के पत्रांक 674-676 दिनांक 02.11.2020 के द्वारा श्री रामवीर सिंह पुत्र श्री बदन सिंह के नाम पूर्व में हो चुका है। श्री रामवीर सिंह की मृत्यु दिनांक 17.02.2024 को हो चुकी है। तहसीलदार द्वारा जारी परिवार सूची अनुसार श्री रामवीर सिंह के वारिसान श्रीमती मोहन देवी पत्नी स्व० श्री रामवीर सिंह, श्री कौशल कुमार सिंह व श्री यतेन्द्र सिंह पुत्रान् स्व० श्री रामवीर सिंह, श्रीमती मीनाक्षी पुत्री स्व० श्री रामवीर सिंह हैं, श्रीमती मोहन देवी पत्नी स्व० श्री रामवीर सिंह, श्री यतेन्द्र सिंह पुत्र स्व० श्री रामवीर सिंह, श्रीमती मीनाक्षी पुत्री स्व० श्री रामवीर सिंह ने जरिये रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 16.07.2024 के द्वारा अपने हक का परित्याग श्री कौशल कुमार सिंह पुत्र स्व० श्री रामवीर सिंह के हक में कर दिया। आवेदक श्री कौशल कुमार सिंह पुत्र स्व० श्री रामवीर सिंह जाति जाट निवासी - ग्राम धौरमुई, तह० व जिला भरतपुर ने उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस समबन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद आवासीय भूखण्ड संख्या 88, शिव नगर योजना भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति कस्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

अग्रवाल समाज ने सामूहिक सहभोज के दिन प्रतिष्ठान बंद रखने का लिया निर्णय

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड द्वारा आयोजित सह भोज कार्यक्रम की मीटिंग अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर रखी गई जिसमें अग्रवाल समाज समिति गंगापुर सिटी की सभी इकाइयां सम्मिलित हुई। गंगापुर अग्रवाल समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं भामाशाह बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सतीश चंद्र गुप्ता पीलोदा वालों ने की।

महामंत्री अरविंद सिंघल ने बताया कि गंगापुर सिटी की सभी इकाइयों की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में खाने के साथ चाट की स्टाल्स एवं लक्ष्मीनारायण यूटी आई वालो की और से कॉफी की व्यवस्था की गई है साथ ही बच्चों के लिए मिकी माउस झूले आदि की व्यवस्था की जा रही है। अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी के समस्त व्यापारी बंधु अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सामाजिक एकता का परिचय देंगे एवं सभी अग्रबंधु सहभोजन कार्यक्रम में तन, मन से सहयोग करेंगे। बैठक में अग्रसेन जयंती महोत्सव पर कार्यक्रमों के अंतर्गत 22 सितंबर को अग्र मैराथन महिला पुरुष प्रात: 5.30 बजे संयोजक आकाश मंगल नरौली वाले एवं आदित्य गर्ग होंगे। अग्र मैराथन का स्थान नई अनाज मंडी से प्रारंभ होकर पुरानी अनाज मंडी होते हुए खाटू श्याम मंदिर पर समापन होगा। 28 सितंबर शनिवार अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड गंगापुर सिटी पर क्विज कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा जिसमें जूनियर वर्ग में 8 से 15 वर्ष, सीनियर वर्ग में 16 वर्ष से ऊपर के लोग भाग ले सकेंगे जिसका समय 4 बजे रहेगा। संयोजक कृष्ण कुमार मित्तल एवं सुनील गोयल अकाउंटेंट होंगे। एक अक्टूबर मंगलवार प्रात: 6 बजे से नई अनाज मंडी पर हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा इसके संयोजक मोहित सिंघल कंपाउंडर, सुरेंद्र गुप्ता अकाउंटेंट होंगे। इसके पश्चात नई अनाज मंडी में साईकिल एवम् मोटरसाइकिल दौड धीमी प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसका संयोजक कृष्णकांत गुप्ता एवं सुनील गोयल होंगे। 1 अक्टूबर मंगलवार को महिला मंडल द्वारा अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जूनियर वर्ग में बबीता सिंघल एवं सीनियर वर्ग में आशा सिंघल संयोजक रहेगी। इसके पश्चात अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर दोपहर 2 बजे से वणी ठणी प्रतियोगिता एवं कैटवॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसकी संयोजक अनीता गुप्ता किशोरपुरा वाली होगी। 2 अक्टूबर बुधवार युवा मंडल के तत्वाधान में अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर सुबह 8 बजे कुर्सी दौड प्रतियोगिता संयोजक सुरेंद्र गुप्ता अकाउंटेंट के निर्देशन में आयोजित की जायेगी। इसके बाद प्रात: 9 बजे से फैंसी ड्रेस जूनियर वर्ग संयोजक अंशु गुप्ता, कपल प्रतियोगिता संयोजक सुभाष गुप्ता होंगे। दोपहर 1 बजे से महिला संगीत एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम का कार्यक्रम होगा जिसकी संयोजक रजनी सिंघल सांस्कृतिक मंत्री होगी। 3 अक्टूबर गुरुवार प्रात 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

गंगापुर सिटी में सहभोज कार्यक्रम को लेकर अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित हुई।

कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर

क्रमांक:-एफ/लेखा/देव/भरत/2024-25/2738-41 दिनांक:-18.09.2024

खुली निविदा सूचना संख्या 10/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नांकित मरम्मत/रंग-रोगन एवं लोहे के बोर्ड एवं पेन्